कह कपि हृदय धीर धरू माता। सुमिरू राम सेवक सुखदाता।।
अब कृतकृत्य भयउ मैं माता। आसिष तव अमोघ बिख्याता।।
|| Ram Katha 928 - मानस मातोश्री || Mumbai || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 149 | इंदौर, गुरुवार 07 दिसंबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## फिलहाल कोहरे के आगोश में रहेंगे मप्र के कई शहर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मौसम में धीरे धीरे ठंड घुलने लगी है। कोहरे के साथ हुई सुबह ने प्रदेशवासियों को कपकपा दिया। राजधानी भोपाल समेत प्रदेश में अधिकांश स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की गई। जिसके चलते लोगों को रात और दिन में ठंड का एहसास हुआ। वहीं आसमान में बादल छाए रहे और सूरज की लुकाछिपी चलती रही। कई स्थानों पर बारिश भी दर्ज की गई। ठंडी हवाओं से बचने के लिए लोग गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करते नजर आए। कई स्थानों पर अलाव का सहारा लेते हुए भी लोग दिखे। इधर मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आगे आने वाले दिनों में भी मौसम कुछ इसी प्रकार का बना रहेगा। बताया जा रहा है कि अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी आ रही है। जिसके चलते प्रदेश के ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों में और रीवा, छतरपुर, टीकमगढ़, भोपाल, इंदौर जैसे जिलों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रह सकता है। इसके साथ ही सिवनी बालाघाट जिले में अधिकांश स्थानों पर बारिश हो सकती है।

# सीएम फेस पर अब तक संस्पेंस

## भाजपा सीनियर नेता दिल्ली में, शिवराज श्योपुर जाएंगे, कल छिंदवाड़ा में थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भाजपा में चुनाव जीतने के बाद अब तक सीएम फेस पर सस्पेंस बना हुआ है। भाजपा ने संकेत दिए हैं कि मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद के लिए मौजूदा सीएम शिवराज सिंह चौहान के साथ पार्टी नए चेहरों के विकल्प पर भी जा सकती है। पार्टी के शीर्ष नेताओं की बैठक के बाद इन अटकलों को बल मिला है। फिलहाल, नाम फाइनल करने के लिए नतीजे आने के चौथे दिन गुरुवार 7 दिसंबर को भी मंथन चल रहा है। संसद भवन परिसर में भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। सीएम के संभावित उम्मीदवारों की लिस्ट में नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, कैलाश विजयवर्गीय, ज्योतिरादित्य सिंधिया और प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष वीडी शर्मा के नामों की चर्चा है। इधर, जीत के बाद जहां भाजपा के कई बड़े नेता दिल्ली दौड़ लगा रहे हैं, वहीं ष्टरू शिवराज सिंह चौहान आज श्योपुर दौरे पर रहेंगे। कल यानी 6 दिसंबर को शिवराज छिंदवाड़ा में थे।**

### इन चार नेताओं को मिल सकता है बड़ा पद

मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव जीतने वाले सांसद नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, राकेश सिंह और रीती पाठक ने अपनी संसदीय सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। नरेंद्र सिंह तोमर और प्रह्लाद पटेल केंद्रीय मंत्री हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि केंद्र से राज्य की राजनीति में आने पर उन्हें कोई बड़ा पद मिल सकता है।

### लोकसभा को देखते हुए तय होगा सीएम फेस

मध्य प्रदेश में भाजपा को मिली बड़ी जीत के बाद अब पार्टी जल्द ही पार्टी अपनी प्रक्रिया के तहत सीएम का फेस तय करेगी। माना जा रहा है कि सीएम का चेहरा लोकसभा चुनाव को देखते हुए तय किया जा सकता है। भाजपा नेतृत्व को ऐसे चेहरे की तलाश है जो लोकसभा चुनाव के लिए भी फिट बैठता हो।

### शिवराज बोले- मैं सीएम का दावेदार न तो पहले रहा और न आज हूं

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं मुख्यमंत्री का दावेदार न तो पहले कभी रहा और न आज हूं। मैं एक कार्यकर्ता के नाते बीजेपी मुझे जो भी काम देगी उस काम को समर्पित भाव से अपनी क्षमता के अनुसार करता रहूंगा।..प्रदेश की जनता का एक बार फिर से आभार।

### दिल्ली में संसदीय दल की बैठक

राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्रियों के चयन पर सस्पेंस के बीच संसद भवन परिसर के बालयोगी सभागार में भाजपा संसदीय दल की बैठक हो रही है। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी समेत पार्टी के सभी सांसद मौजूद हैं। वहीं, बुधवार को अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिवों की पार्टी मुख्यालय में एक बैठक हुई।



### विधायक मेंदोला ने सीएम पद के लिए कैलाश विजयवर्गीय का नाम बढ़ाया

मध्य प्रदेश में सीएम का फैसला दिल्ली में पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक के बाद होने की वजह से मध्य प्रदेश के भी कई दिग्गज दिल्ली में हैं। भाजपा महासचिव व इंदौर-एक विधानसभा सीट से विधायक चुने गए कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली में हैं। विजयवर्गीय के समर्थक और विधानसभा क्षेत्र इंदौर-दो से विधायक रमेश मेंदोला ने खुद को मंत्री बनाए जाने को लेकर पूछे सवाल के जवाब में कहा कि लोग कैलाश विजयवर्गीय को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। यह जनभावनाएं हैं कि वह प्रदेश के मुख्यमंत्री बनें।

### लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे शिवराज

एक तरफ सभी का ध्यान इस ओर है कि मध्य प्रदेश का सीएम कौन बनेगा, दूसरी तरफ शिवराज सिंह चौहान इसकी चिंता छोड़ लोकसभा चुनाव की तैयारी में लग गए हैं। बुधवार को उन्होंने छिंदवाड़ा में सभा की और कहा कि आज से मिशन-29 की शुरुआत हो गई है। भाजपा का लक्ष्य प्रदेश में पूरी 29 लोकसभा सीटें जीतना है। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा से भाजपा हार गई थी। यहां से कांग्रेस नेता कमल नाथ के बेटे नकुल नाथ सांसद हैं। आज शिवराज सिंह चौहान श्योपुर दौरे पर हैं।

### 16 दिसंबर पर से पहले होगी सीएम पद की शपथ

मध्य प्रदेश 15वीं विधानसभा का कार्यकाल दिसंबर में खत्म हो रहा है। उधर 16 दिसंबर से मलमास शुरू हो रहे हैं, जिसमें सभी मांगलिक कार्य रूक जाएंगे। ऐसे में माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश में 16वीं विधानसभा के लिए सीएम पद के लिए चेहरा तय जल्द ही शपथ ग्रहण हो सकता है।

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले वीडी शर्मा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने दिल्ली में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भेंट कर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड विजय पर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपस्थित केंद्रीय मंत्री एवं राज्यसभा में सदन के नेता पीयूष गोयल भी मौजूद थे।

### अधिसूचना के साथ 16वीं विधानसभा का गठन आज

16वीं विधानसभा का गठन मंगलवार को निर्वाचन परिणाम की अधिसूचना जारी होने के साथ हो जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा विधि एवं विधायी विभाग को परिणाम तैयार करके दिए जाएंगे, जिसका प्रकाशन राजपत्र में होगा। इसके साथ ही निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विधायक के रूप में मिलने वाली सुविधाएं प्रारंभ हो जाएंगी। विधानसभा सचिवालय ने निर्वाचित सदस्यों के लिए स्वागत कक्ष बनाया है, जहां प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि विधानसभा चुनाव परिणाम की मंगलवार को अधिसूचना जारी की जाएगी।

### शिवराज सीएम पद के प्रबल दावेदारों में शामिल

समाचार एजेंसी पीटीआई मध्य प्रदेश में भाजपा को मिले दो-तिहाई बहुमत के साथ शिवराज सिंह चौहान मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार हैं। कैलाश विजयवर्गीय के अलावा केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और नरेंद्र सिंह तोमर जैसे बड़े नेताओं को भी पद के लिए अन्य संभावितों में देखा जा रहा है।

### मध्य प्रदेश में इस बार नहीं था कोई सीएम फेस

भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार कोई सीएम का फेस नहीं बनाया था। शिवराज सिंह चौहान के बाद नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, कैलाश विजयवर्गीय और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा के नामों की भी चर्चा शुरू हो गई है।

महापौर द्वारा स्वच्छता अभियान की समीक्षा

# कचरा फैलाने वालो पर चालानी कार्यवाही तथा डोर टू डोर वाहन समय पर पहुंचने के दिये निर्देश

◆ स्वच्छता में कोई समझौता ना करे, रेड स्पॉट करने वाले, कचरा फैलाने वालो पर करे कार्यवाही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। महापौर द्वारा स्वच्छता अभियान के संबंध में सीटी बस आफिस में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी श्री अश्विनी शुक्ल, अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, स्वास्थ्य अधिकारी, समस्त सीएसआई, सहायक सीएसआई, दरोगा व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा इंदौर शहर के स्वच्छता अभियान व सफाई व्यवस्था के संबंध में बैठक के दौरान कहा कि इंदौर की स्वच्छता सर्वोपरि है, उसे बनाया रखना हम सभी की जिम्मेदारी है, उन्होने बताया कि दुबई प्रवास के दौरान दुबई के शेख व रहवासियों ने कहा कि दुबई की तरह ही इंदौर में भी स्वच्छता है, यह हमारे लिये गर्व की बात है। महापौर श्री भार्गव द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि इंदौर देश में ही नही अपितु विदेशो में भी स्वच्छता का मॉडल है, स्वच्छता एक जनभागीदारी व जिम्मेदारी का अभियान है, अगर स्वच्छता कार्य में कोई लापरवाही करता है तो वह बर्दाश्त नही कि जावेगी, उन्होने कहा कि सडक या खुले स्थान पर कचरा फेंकने वालो, रेड स्पाट करने वालो के विरूद्ध सख्ती से चालानी कार्यवाही करे।

### नागरिको से किया आग्रह स्वच्छता इंदौर की पहचान है इसे बनाए रखें - महापौर

महापौर श्री भार्गव द्वारा शहरवासियों के साथ ही दुकानदारो से अपील की है कि वह इंदौर के स्वच्छता अभियान में सहयोग करे, अपने घर व संस्थान से निकलने वाले कचरे को डस्टबीन में ही रखे, व निर्धारित कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा देवे, महापौर द्वारा निगम अधिकारियो को निर्देशित किया कि यहां-वहां कचरा फैंकने व गंदगी फैलाने वालो को सर्वप्रथम समझाइश दे, उसके पश्चात भी अगर यहां-वहां कचरा फैंकते पाये जाते है तो उन पर चालानी कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये गये। महापौर द्वारा समस्त सीएसआई व दरोगा को निर्देशित किया कि झोन/वार्ड क्षेत्र में सफाई कार्य का लगातार निरीक्षण करे, जहां पर किसी भी तरह का कचरा व गंदगी सडक व खुले स्थान पर मिले तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही करे, सडक किनारे धुल व मिटटी को हटाने में संलग्न स्वीपिंग मशीन के सफाई कार्य की मॉनिटरिंग करे। साथ ही महापौर जी द्वारा डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन अपने निर्धारित रूट व समय पर पहुंचे इसके लिये भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

## जनसुनवाई : दिव्यांग सपना के लिए इंदौर डीएम बने मसीहा!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मूल रूप से बड़वानी की रहने वाली सपना की जिंदगी में मंगलवार का दिन उस समय सुनहरा इतिहास बन गया, जब कलेक्टर इलैया राजा टी. उसके लिए मसीहा बन गए. वह जनसुनवाई में अपनी मांग लेकर आई थी. कलेक्टर ने उसे गंभीरता से लेकर उसकी मांग पूरी करने में मदद की और उसे दो लाख रुपए उपलब्ध करा दिए. इतना ही नहीं उसकी एक मांग के साथ दूसरी मांग अपनी ओर से मंजूर कर दी.



इसके बाद तो सपना की खुशी का ठिकाना नहीं रहा और जनसुनवाई से खुशी-खुशी अपने घर के लिए रवाना हुई. दरअसल मामला बड़वानी की रहने वाली दिव्यांग महिला सपना जैन का है.सपना दोनों पैरों से विकलांग है. सपना ने लव मैरिज की है. वह अपने पति को साथ लेकर चुनाव की आचार संहिता खत्म होने के बाद शुरू हुई जनसुनवाई में पहुंची थी. जहां वह अपने लिए कलेक्टर जंक्शन बाय में स्कूटी की मांग लेकर आई. जब कलेक्टर इलैया राजा ने महिला को व्हीलचेयर पर देखा और उसके पति से पूछा तो पति ने बताया कि बचपन से यह महिला दिव्यांग है तो कलेक्टर ने तुरंत उनसे पूछा कि आपके प्रोत्साहन राशि मिली है या नहीं तो बताया हमारे आवेदन को मंजूरी नहीं मिली. यह बात सुन इंदौर कलेक्टर ने बड़वानी कलेक्टर को फोन लगाकर उनसे रिक्वेस्ट की और महिला को 2 लाख रुपए राशि भी स्वीकृत करवा दी.

## सीएमडी डॉ. खरया एप्रीशिएशन अवार्ड से सम्मानित



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। भारतीय फार्मा उद्योग ने अपने संघर्ष का सामथ्र्य दिखाया है, जब दिल्ली में ओपीपीआई वार्षिक समिट में एमएसएमई वर्ग में इंदौर की फार्मा मैनुफैक्चरिंग कंपनी मॉडर्न लैबोरेटरीज को 'एप्रीशिएशन अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस सम्मान को कंपनी के सीएमडी डॉ. अनिल खरया ने प्राप्त किया।**

अपने उच्च गुणवत्ता और नवाचारी उत्पादों के लिए इस सम्मान को मॉडर्न ने प्राप्त किया है। इस कंपनी का उद्देश्य अपने ग्राहकों को एकमात्र उत्कृष्ट और सुरक्षित उत्पाद प्रदान करने के लिए प्रेरित करना है। प्रभावी तकनीकों की वजह से कंपनी को इस सम्मान का हकदार बनाया गया है। डॉ. खरया ने सम्मान को प्राप्त करते हुए कहा कि इस सम्मान से उन्हें गर्व महसूस हो रहा है और यह पूरी टीम के मेहनत और संघर्ष का परिणाम है। इस सम्मान से उन्हें और टीम को आत्म-विश्वास मिला है कि वे अपने काम में सही रास्ते पर हैं।

### कटाक्ष




©www.detectivegroupreport.com

## मुद्रा महोत्सव-2023 का आयोजन 8 से 10 दिसं. तक

◆ न्यूमिस्मेटिक रिसर्च ट्रस्ट की मेजबानी में गहरी नदियों में गोता लगाकर सिक्के निकालने वाले गोताखोरों का सम्मान भी होगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के नव श्रृंगारित गांधी हॉल में 8 से 10 दिसम्बर तक प्राचीनतम सिक्कों और डाक टिकटों की तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी एवं मुद्रा महोत्सव- 2023 का आयोजन किया जा रहा है। न्यूमिस्मेटिक रिसर्च ट्रस्ट की मेजबानी में होने वाले इस आयोजन में विभिन्न राज्यों के मुद्रा संग्राहक, व्यवसायी एवं विद्वान शोधकर्ता भी शामिल होंगे। देश के प्रसिद्ध ऑक्शन हाउस टोडीवाला (मुंबई), मरुधर आर्ट्स (बैंगलुरू), जैन ऑक्शंस (कोलकाता) एवं भार्गव ऑक्शंस (इंदौर) भी अपने स्टाल्स लगाकर इन दुर्लभ सिक्कों एवं डाक टिकटों का क्रय-विक्रय करेंगे। यह देश का सातवां मुद्रा महोत्सव होगा। इस मौके पर इंदौर को होलकर कालीन दुर्लभ सिक्के भी आम लोगों को देखने को मिल सकेंगे।**

आयोजन समिति के प्रमुख एवं न्यूमिस्मेटिक रिसर्च ट्रस्ट के प्रमुख ट्रस्टी गिरीश शर्मा आदित्य ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार, 8 दिसम्बर को सुबह 11 बजे श्री श्रीविद्याधाम के आचार्य प.पू. उमेश तिवारी महाराज के मुख्य आतिथ्य एवं राज्य पुरातत्व विभाग के सहायक निर्देशक प्रकाश परांजपे, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त आयुक्त प्रतीक सोनवलकर एवं इंदौर सराफा एसो. के अध्यक्ष अनिल रांका के विशेष आतिथ्य में इस महोत्सव का शुभारंभ होगा। इस मौके पर देश के प्रमुख एवं जाने-माने मुद्रा संग्राहक, डाक टिकट संग्रहकर्ता एवं देश की विभिन्न नदियों में विषम हालातों में डुबकी लगाकर प्राचीन सिक्के खोजने वाली जनजाति से जुड़े गोताखोरों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम में पुस्तक विमोचन के अलावा इंदौर पर केन्द्रित उमेश नीमा द्वारा तैयार डाक कवर का लोकार्पण भी होगा। अहमदाबाद के संग्राहक ओमप्रकाश अग्रवाल द्वारा रचित पुस्तक स्मारक सिक्के का विमोचन भी होगा। 9 एवं 10 दिसम्बर को पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन एवं सांसद शंकर लालवानी तथा महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इस महोत्सव में अतिथि के रूप में शामिल होंगे। तीनों दिन यह महोत्सव सुबह 11 से सायं 7 बजे तक निशुल्क खुला रहेगा।

# एबीसी मैनेजमेंट है विधायक मेंदोला की तीन राज्यों में सबसे बड़ी जीत का राज

**इंदौर। शहर की दो नंबर सीट के विधायक रमेश मेंदोला ने दस साल में सबसे ज्यादा वोटों की लीड से जीत का रिकार्ड बनाया है। इस बार मेंदोला राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले उम्मीदवार बने। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा वोटों से ब्रजमोहन अग्रवाल जीते। वे 67हजार 851 वोटों के अंतर से जीते, जबकि राजस्थान में सबसे बड़ी जीत दीया कुमारी की रही। वे 71 हजार, 368 हजार वोटों से जीती। मेंदोला की जीत का अंतर सबसे ज्यादा 1 लाख 747 रहा। खास बात यह है कि इंदौर जिले में सबसे कम वोटिंग 67.45 दो नंबर विधानसभा क्षेत्र में हुई थी। इसके बावजूद सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड कैसे बना। हमने यह जानने की कोशिश की।**



### दोपहर बाद फिर शेष रहे वोटर का फालोअप

दो नंबर विधानसभा के 301 बूथ है। हर बूथ में बैठे एजेंट को पता रहता है कि उस बूथ में किसके वोट डाले और किसके नहीं। दोपहर बाद उस सूची के माध्यम से फिल्ड में तैनात पेज प्रमुखों को यह पता चला कि किसके वोट नहीं डाले गए। फिर उन्होंने सिर्फ उन्ही वोटरों पर फोकस किया और उनके वोट डलवाए। विधानसभा का एक कॉल सेंटर भी बनाया गया था। जिस मतदाता को पर्ची या मतदान केंद्र को लेकर परेशानी आ रही थी। उसकी जानकारी कॉल सेंटर पर दी जा रही थी। कॉल सेंटर पर पूरे क्षेत्र के मतदाता का डेटा होने से मतदाता का केंद्र व पर्ची का पता लगाकर उन्हें सही मतदान केंद्र पर भेजा। पेज के हिसाब से मतदात समाप्ति तक जितने वोट डाले, उसकी जानकारी एप पर पन्ना प्रमुखों ने डाल दी।

### पांच माह पहले से बूथ की टीम सक्रिय

पांच माह पहले से बूथ स्तर की टीम सक्रिय हो जाती है। बूथ पर कितने नए वोटर है। कौन क्षेत्र से जा चुका है। इसकी जानकारी एकत्र करते है और मतदाता सूची में नाम घटाने और बढ़ाने में जुट जाते है। जो नए मतदाता जुड़े है। उनकी जानकारी अलग से रखी जाती है, ताकि उन पर चुनाव के दौरान ज्यादा फोकस किया जा सके। पूरे चुनाव में 18 हजार से ज्यादा कार्यकर्ताओं की टीम मैदानी स्तर पर सक्रिय रहती है। इनमें महिलाएं भी शामिल है। मतदाने वाले दिन यह टीम सबसे ज्यादा सक्रिय रहती है। इस टीम के कारण ही सबसे बड़ी जीत का रिकार्ड दो बार बन चुका है। क्षेत्र के 15 हजार कार्यकर्ता को प्रशिक्षण देने और उनसे काम कराने का जिम्मा चुनावी प्रबंधन संभाल रहे कमलेश शर्मा, ब्रजेश शुक्ला और सुधीर कोल्हे देखते है। इसके अलावा पार्षद भी मतदाता के संपर्क में रहते है।

दो नंबर विधानसभा क्षेत्र के पास कार्यकर्ता की सबसे बड़ी टीम है। चुनाव में मेंदौला इस सीट का बखूबी इस्तेमाल करते है। इस बार विधानसभा क्षेत्र के 3.47 वोटरों को एबीसी श्रेणी में बांटा गया। दो नंबर की मतदाता सूची के हर पेज के हिसाब से एक पन्ना प्रमुख बने है। पूरी विधानसभा में उनकी संख्या करीब 13 हजार थी। पूरे मतदाता और पन्ना प्रमुख विधानसभा को एक एप में फीड किया गया। पन्ना प्रमुखों ने हर मतदाता को ए,बी, सी, श्रेणी और रंग में बांट रखा था। ए का मतलब भाजपा का वोटर, बी का मतलब तटस्थ वोटर और सी श्रेणी का वोटर जो कांग्रेस को पसंद करता हो। एक पन्ना प्रमुख को पेज में शामिल 15 से 20 घरों के वोटरों से वोट डलवाने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने ए और बी श्रेणी के वोटरों से मतदाना वाले दिन लगातार संपर्क किया और वोट डलवाए। इस कारण ज्यादातर वोटर वे बाहर निकले, जो भाजपा को वोट देना चाहते थे।

### दस साल पहले भी प्रदेश में सबसे बड़ी जीत

इससे पहले मेंदौला ने वर्ष 2013 में प्रदेश में सबसे ज्यादा वोटों से जीत दर्ज कराई थी। तब उन्हें 91,241 की लीड़ मिली थी। वर्ष 2008 में सुरेश सेठ को मेंदौला ने 39 हजार 937 वोटों की बढ़त से हराया था। वर्ष 2018 में 71 हजार 11वोटों से चुनाव जीते थे। इस बार सबसे ज्यादा वोटों के दूसरे क्रम पर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर की बहू कृष्णा गौर रही। उन्होंने कांग्रेस के रविंद्र साहू को 1,06668 वोटों से हराया। तीसरे नंबर पर बुधनी से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तगड़ी लीड लेकर चुनाव जीते। उन्हें इस बार 1,04974 वोटों की लीड मिली।

## 8 से 14 दिसंबर तक बुकफेयर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। बुकचोर, पूर्व-स्वामित्व वाली पुस्तकों के लिए एक ऑनलाइन बुकस्टोर, ह्यलॉकदबॉक्स रीलोडेड की मेजबानी कर रहा है, जो एक अनूठी पुस्तक बिक्री है जिसमें आपको अलग-अलग पुस्तकों के लिए भुगतान नहीं करना पड़ता है; इसके बजाय, आप एक बॉक्स के लिए भुगतान करते हैं और उतनी किताबें घर ले जाते हैं जितनी आप बॉक्स में रख सकते हैं। 8 से 14 दिसंबर 2023 तक फीनिक्स सिटाडेल, एमआर 10 रोड, जंक्शन, इंदौर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में फिक्शन, नॉन-फिक्शन, क्राइम, रोमांस, युवा वयस्कों और बच्चों के लिए किताबें, एडवेंचर, साइंस फिक्शन और भी बहुत कुछ शैलियों में से चुनने के लिए 10 लाख से अधिक किताबें होंगी। ग्रंथ सूची प्रेमी ग्रीक पौराणिक कथाओं के नायकों के नाम पर तीन अलग-अलग आकार के बक्सों में से चुन सकते हैं- ओडीसियस बॉक्स, पर्सियस बॉक्स, और सबसे शक्तिशाली, हरक्यूलिस बॉक्स।

## एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसम्बर को

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में 13 दिसम्बर 2023 को जिला रोजगार कार्यालय में रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में 500 से अधिक युवाओं को नौकरी दिलवायी जाएगी। उप संचालक रोजगार पी.एस. मण्डलोई बताया कि एक दिवसीय रोजगार मेला 13 दिसम्बर (बुधवार) को प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) पोलोग्राउण्ड इन्दौर में आयोजित होगा। उक्त रोजगार मेले में कई प्रतिष्ठित कम्पनियां जैसे- डीटी इण्डस्ट्रीज, जस्ट डायल, शैफाली बिजनेस सोल्यूशन, एसडी कन्सल्टेन्ट, व्ही फाईव ग्लोबल (भारतीय एयरटेल), नेत्पुर्प होम केयर, विक्ट्री टर्मिनल, करियर कोच, शाओमी ब्रांड प्रमोटर एवं मेनपॉवर सर्विसेज आदि के लगभग 500 से अधिक अधिक विभिन्न पदों जैसे-सेल्स एक्जिकेटिव, टेक्नीशियन, टेलीकॉलर, सैल्स, टीम लीडर, सुरक्षा गार्ड, हैल्पर, पेकर, आदि के पदों हेतु आकर्षक वेतन पर रोजगार प्रदान करने हेतु कम्पनियों के प्रतिनिधि आवेदको के साक्षात्कार लेकर प्रारम्भिक रूप से चयन करेंगे। उक्त मेले में 18 से 40 वर्ष के आवेदक जो की अनपढ़ से लेकर स्नातकोत्तर किसी भी विषय में उत्तीर्ण है अथवा तकनिकी योग्यता है को रोजगार दिया जाएगा। इसके लिए आवेदक अपनी समस्त शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्रों के साथ बायोडेटा की प्रतियों एवं अन्य प्रमाण पत्र जैसे आधार कार्ड आदि के प्रमाणपत्रों की फोटो प्रतियों साथ लाकर मेले में भाग ले सकते हैं।

# सफाई मित्रों के कार्यों की सराहना - ग्लब्ज व फलोसेंट जैकेट का वितरण

**थूकने पर संबंधित पर किया स्पॉट फाईन, राशि नही होने पर महापौर ने दी फाईन की राशि**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत झोन क्रमांक 02 के विभिन्न वार्डो क्षेत्रो में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्री सिद्धार्थ जैन, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अखिलेश उपाध्याय, क्षेत्रीय सीएसआई सौरभ साहू, दरोगा व अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।**

महापौर श्री भार्गव द्वारा आज प्रातःकाल झोन क्रमांक 2 के वार्ड क्रमांक 6, 67, 68, 69 एवं 70 के विभिन्न कालोनी, बाजारो शीतला माता बाजार, सांठा बाजार, पीपली बाजार, बियाबानी क्षेत्र, राजस्व ग्राम, छत्रीबाग, जीएनटी मार्ग, धार रोड में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। महापौर जी द्वारा निरीक्षण के दौरान सफाई कार्य में संलग्न सफाई मित्रो से चर्चा करते हुए, सफाई मित्रो के कार्य की सराहना करते हुए, शीतऋतु में कोहरे व ठंड को देखते हुए, सफाई मित्रो को ग्लब्ज व फलोसेंट जेकेट का वितरण भी किया गया।

इसके साथ ही महापौर द्वारा वार्ड 69 में सीतला माता बजार में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान राहगीर द्वारा सडक पर थूकने पर, मौके पर ही 100 रुपए का स्पॉट फाइरन के निर्देश दिये गये, किंतु राहगीर पर स्पॉट फाईन की राशि नही होने पर महापौर जी द्वारा राहगीर के विरूद्ध कि गई चालानी कार्यवाही के एवज में 100 रुपए का स्पॉट फाइरन भरते हुए, राहगीर को कहा कि भविष्य में इस प्रकार से थुकने व गंदगी करने पर स्पॉट फाइरन की कार्यवाही की जावेगी, इसलिये निगम के स्वच्छता अभियान में सहयोग करे। महापौर श्री भार्गव द्वारा सांठा बाजार में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान देखा कि शीतल वस्त्रालय के आगे नाली में बडी मात्रा में दुकानदार द्वारा कचरा एकत्रित किया जा रहा है, जिस पर संबंधित सीएसआई के माध्यम से मौके पर ही शीतल वस्त्रालय के मालिक से दूरभाष पर ही सफाई कार्य में सहयोग करने की समझाइश दी गइ, डस्टबीन रखने तथा कचरा फैलाने पर स्पॉट फाईन करने के भी निर्देश दिये गये।

# गैर घरेलू श्रेणी के सवा लाख बकायादारों से राशि वसूली के लिए अभियान चलाएं

## ◆नए कनेक्शन तीन दिन में दे, ट्रिपिंग व ट्रांसफार्मर फेल रेट में कमी लाए- तोमर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। बिजली की गुणवत्ता के साथ आपूर्ति हो, साथ ही बिल की राशि भी समय पर वसूली जाए। गैर घरेलू श्रेणी के करीब सवा लाख उपभोक्ताओं से डेढ़ सौ करोड़ रूपए की बकाया राशि वसूली योग्य है। इस बकाया राशि को वसूलने के लिए सभी 15 सर्कलों में अभियान चलाए। इंदौर जिले में गैर घरेलू श्रेणी के बकायादारों करीब पच्चीस हजार है।**

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अमित तोमर ने ये निर्देश दिए। श्री तोमर ने बुधवार को पोलोग्राउंड स्थित सभागार में इंदौर व उज्जैन राजस्व संभाग के सभी जिलों के बिजली अधिकारियों की मिटिंग में कहा कि सभी ने बूथों, निर्वाचन कार्यों, मतगणना स्थलों पर अच्छी सेवाएं दी है। हमें अब कंपनी के मूल कार्यों की ओर शत प्रतिशत ध्यान केंद्रित कर परिणाम प्राप्ति करना है। श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस के तहत नए ट्रांसफार्मर, केपेसिटर बैंक, ग्रिड के कार्य समय पर हो। इसके लिए संबंधित डीई दैनिक एवं अधीक्षण यंत्री तीन दिन में समीक्षा करे, सप्ताह में एक बार साइट पर पहुंचकर प्रगति का भौतिक सत्यापन भी करें। इससे गुणवत्ता, नियमपालन, पारदर्शिता, प्रक्रियानुसार कार्य प्रगति का परिणाम सामने आएगा। श्री तोमर ने कहा कि आरडीएसएस में सभी मटेरियल टेस्टिंग के उपरांत ही उपयोग में लाए जाए, इसकी शत प्रतिशत सुनिश्चितता की जाए। श्री तोमर ने निर्देश दिए कि जिन एक लाख घरेलू उपभोक्ताओं की खपत जीरो यूनिट आ रही है, वहां परिसर का सत्यापन किया जाए। इस दौरान ट्रांसफार्मर का फेल रेट और ट्रिपिंग घटाने , लाइनों व संसाधनों के बिना दिए जाने वाले नए कनेक्शन के आवेदनों का हर हाल में तीन दिन में निराकरण करने के निर्देश दिए।

### मंदसौर स्मार्ट मीटर वाला 9वां शहर

इस दौरान बताया गया कि बुधवार से कंपनी का मंदसौर स्मार्ट मीटर स्थापना वाला 9वां शहर बन गया है। इसके पहले इंदौर, महू, देवास, उज्जैन, रतलाम, खरगोन, झाबुआ, सेंधवा में स्मार्ट मीटर लगाना प्रारंभ किए गए थे। महू व देवास शहर पूर्ण स्मार्ट मीटरीकृत है।

### एलआरयू का कार्यों की सराहना

मिटिंग में लोकल रिपेयरिंग यूनिट (एलआरयू) में ट्रांसफार्मरों के सुधार कार्य की सराहना की गई। कंपनी क्षेत्र के गैर शहरी क्षेत्रों के लिए कार्यरत एलआरयू में आइल और स्क्रैप का ठीक से स्टोरेज करने के भी निर्देश दिए गए। मिटिंग के दौरान मुख्य महाप्रबंधक श्री रिंकेश कुमार वैश्य, निदेशक श्री पुनीत दुबे, श्री सचिन तालेवार, कार्यपालक निदेशक श्री गजरा मेहता, मुख्य अभियंता श्री रवि मिश्रा, श्री एसएल करवाडिय़ा, श्री आरके आर्य, श्री बीएल चौहान, शहर अधीक्षण यंत्री श्री मनोज शर्मा, इंदौर ग्रामीण अधीक्षण यंत्री डॉ. डीएन शर्मा आदि ने भी विचार रखे।

# सीएम बोले-मामा घूम रहा था, दादा यहीं फंस गए

## छिंदवाड़ा में शिवराज ने कहा- आपने उन्हें यहां बांध दिया, इसीलिए भाजपा एकतरफा जीती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कमलनाथ के लिए कहा, ह्यछिंदवाड़ा से दादा जी कहीं निकले ही नहीं। मामा तो घूम रहा था और दादा यहीं फंस गए। सवेरे-शाम छिंदवाड़ा में रहे। जब पूछो कहां हैं? पता चले कि यहीं हैं। आपने उन्हें यहां बांध दिया तो मध्यप्रदेश में भाजपा की एकतरफा जीत हुई।**

बुधवार को लाड़ली बहना और कार्यकर्ता सम्मेलन में उन्होंने कहा, ह्यमैं कभी चुनाव के दौरान बुधनी नहीं गया। लोगों ने कह दिया था कि आपको 1 लाख से ज्यादा वोटों से जिताएंगे, आप तो सरकार बनाओ। मैंने भी वादा निभाया। प्रदेश में 163 सीटें लाकर भाजपा की झोली में डाल दी।

सीएम ने कहा, ह्ये जीत लाड़ली बहनाओं की जीत है। छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा में मैं विकास की गारंटी देता हूं। विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद मुख्यमंत्री का यह किसी शहर में पहला दौरा है।

### लाड़ली बहना के बाद अब अभियान होगा लखपति बहना

शिवराज ने कहा- मैं आपके लिए मुख्यमंत्री नहीं हूं। अपन तो भैया और मामा हैं। इस पद के आगे दुनिया के सारे पद बेकार हैं। स्वर्ग का सिंहासन भी बेकार है। लाड़ली बहनों के बाद अब अभियान होगा लखपति बहना। लखपति बहना मतलब- हर बहन को हर महीने दस हजार रुपए से ज्यादा मिलेंगे। साल में एक लाख रुपए से ज्यादा बहनों की आमदनी हो, यह मैं करके रहूंगा। इसके बिना चैन की सांस नहीं लूंगा।

### हम मिशन मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे

उन्होंने कहा, ह्यएक-एक वादा पूरा होगा। मैं आपको वचन देता हूं कि भाजपा की सरकार हर संकल्प को पूरा करेगी। आज से हम मिशन मध्यप्रदेश का मिशन 29 शुरू कर रहे हैं। इसका मतलब एमपी में लोकसभा की 29 सीट से है। पिछली बार छिंदवाड़ा रह गई थी।

### आदिवासी कार्यकर्ता के यहां भोजन किया

सभा के बाद उट शिवराज पातालेश्वर क्षेत्र में वार्ड- 20 के बूथ अध्यक्ष मोहन मर्सकोले के घर पहुंचे। यहां उन्होंने भोजन किया। मर्सकोले, उनकी पत्नी जशोदा और छोटी बहू काजल ने उट के लिए खाना बनाया। काजल ने बताया, ह्यमुख्यमंत्री के लिए सादा भोजन बनाया। मेन्यू में मक्के और बाजरे की रोटी, कढ़ी, टमाटर की चटनी, चने का साग, दाल और चावल रखे।

बता दें कि छिंदवाड़ा से भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को निगम के अधिकांश वार्डों में कमलनाथ के सामने हार का सामना करना पड़ा था। इखढ को निगम के सिर्फ 2 वार्ड में बढ़त मिली। इनमें एक वार्ड 24 तो दूसरा वार्ड 20 है। वार्ड 20 की पार्षद कांग्रेस नेता दीपा माहोरे हैं। इस वार्ड के 2 बूथ पर कांग्रेस और 2 बूथ पर भाजपा ने लीड ली थी। मोहन मर्सकोले ने अपने बूथ से 175 वोट दिलवाकर वार्ड 20 में पार्टी को 129 वोट की लीड दिलवाई थी।

मुख्यमंत्री के लिए काजल, उनकी सास जशोदा ने मक्के और बाजरे की रोटी, कढ़ी, टमाटर की चटनी, चने का साग, दाल और चावल बनाए।

### शिवराज ने छिंदवाड़ा विधानसभा क्षेत्र को ही क्यों चुना?

विधानसभा चुनाव में भाजपा का वोट प्रतिशत जिले की जिन विधानसभाओं में कम हुआ है, उनमें छिंदवाड़ा और चौरई शामिल हैं। मुख्यमंत्री शिवराज चुनाव परिणाम के तुरंत बाद छिंदवाड़ा के कार्यकर्ताओं में जोश भरने आए। उन्होंने मिशन 2024 के लिए संगठन में कसावट के लिए कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

# उज्जैन में भैरवनाथ को 100 किस्म की शराब का भोग

## ◆ शाम को सवारी निकाली; 2000 से ज्यादा खाने-पीने की चीजें अर्पित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** भैरव अष्टमी पर महाकाल के कोतवाल बाबा भैरवनाथ की सवारी गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। भैरवगढ़ स्थित कालभैरव मंदिर में बाबा का पूजन-अभिषेक किया गया। इसके बाद बाबा की पालकी निकाली गई। सिद्धनाथ मंदिर, केंद्रीय भैरवगढ़ जेल के गेट पर सवारी का पूजन किया गया। यहां कैदियों ने भी सवारी के दर्शन किए। सवारी विभिन्न मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंची।

इससे पहले मंगलवार रात उज्जैन में भैरवनाथ और महाकाल के कोतवाल को दो हजार से अधिक पकवान और खाने-पीने की चीजों का भोग लगाया गया। 100 किस्म की शराब, बीड़ी-सिगरेट, चिलम, अलग-अलग किस्म की तंबाकू, भांग और गांजा इस भोग में शामिल हैं। रात 12 बजे महाआरती हुई। चलित भंडारा भी हुआ।

### छप्पन भैरव मंदिर: भोग में ये लगाया

- ◆100 किस्म की देसी-विदेशी शराब
- ◆130 प्रकार के नमकीन
- ◆64 प्रकार की चॉकलेट
- ◆80 तरह की मिठाई
- ◆75 तरह के सूखे मेवे
- ◆30 तरह की गजक
- ◆45 तरह के बिस्किट
- ◆28 तरह की सॉफ्ट ड्रिंक
- ◆मौसमी फल
- ◆40 प्रकार के बेकरी प्रोडक्ट्स
- ◆30 तरह की तंबाकू और सादे पाउच
- ◆22 तरह की सिगरेट और बीड़ी भांग, गांजा, चिलम

**(भोग में 2 हजार से ज्यादा तरह की खान-पान की चीजें थीं।)**

### एक ही स्थान पर 56 प्रतिमाएं

उज्जैन शहर के भागसीपुरा में छप्पन भैरव का प्राचीन मंदिर है। यह मंदिर राजा विक्रमादित्य के समय से है। इंदौर के श्रद्धालु मुख्य यजमान नीरज देसाई ने बताया कि वे यहां कई वर्षों से अगहन मास की अष्टमी पर बाबा भैरव को भोग लगा रहे हैं। मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर व्यास ने बताया कि यहां भैरव बाबा की 56 प्रतिमाएं एक ही जगह हैं। इसीलिए इनका नाम चमत्कारी छप्पन भैरव पड़ा। पुजारी पं. व्यास ने बताया कि राजा भर्तृहरि और सम्राट विक्रमादित्य भी यहां आकर पूजा करते थे। अवंतिका तीर्थ के अष्ट भैरव में इनकी गणना होती है।

# भतीजे को हंसिया मारने वाले चाचा को कैद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**गुना।** जिले के आरोन इलाके में नाबालिग से मारपीट के आरोपी को कोर्ट ने सजा सुनाई है। आरोपी उसका चाचा ही था। वह उसे जबरजस्ती सोयाबीन काटने ले जाने की कह रहा था, जबकि नाबालिग के पेपर थे तो उसने पढ़ाई का कहकर जाने से मना कर दिया था। इसी बात से नाराज होकर चाचा ने हंसिये से उस पर कई वार कर दिए थे। कोर्ट ने आरोपी चाचा को दो वर्ष की सजा सुनाई है। मामले में फैसला प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र सिंह राजपूत ने सुनाया। वहीं शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक अलंकार वशिष्ठ ने की। मामला वर्ष 2022 का है। कोर्ट में सबसे अहम गवाही संजीव का इलाज करने वाले डॉक्टर की मानी गयी।

# महिदपुर के कांग्रेस विधायक पर एफआईआर

## भाजपा कैंडिडेट का रीकाउंटिंग आवेदन छीना, फाड़ने की कोशिश की थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन की महिदपुर विधानसभा से कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायक दिनेश जैन बोस के खिलाफ सरकारी काम में बाधा डालने समेत 3 धाराओं में एफआईआर हुई है।**

जैन पर आरोप है कि उन्होंने 3 दिसंबर को इंजीनियरिंग कॉलेज स्थित पोलिंग बूथ पर भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह चौहान का रीकाउंटिंग आवेदन छीनकर फाड़ने का प्रयास किया था। ड्यूटी पर तैनात निर्वाचन अधिकारियों से भी कहासुनी कर सरकारी काम में बाधा पहुंचाई। जैन 290 मतों से जीते हैं। मतगणना के दिन पोलिंग बूथ पर भाजपा प्रत्याशी और उनके बीच रीकाउंटिंग को लेकर काफी विवाद व नोकझोंक हुई थी। पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों ने दोनों को अलग कर समझाते हुए स्थिति संभाली थी।

### 19वें राउंड की हुई थी दोबारा काउंटिंग

जब वोट काउंटिंग चल रही थी, तभी महिदपुर विधानसभा का रिजल्ट आने से 1 राउंड पहले भाजपा प्रत्याशी बहादुर सिंह चौहान ने रीकाउंटिंग की मांग कर दी। उन्होंने आवेदन रिटर्निंग ऑफिसर ब्रजेश सक्सेना को दिया। इस पर आपत्ति जताते हुए बोस ने ऑफिसर से आवेदन छीनकर उसे फाड़ने की कोशिश की। बाद में आवेदन फेंक दिया। हालांकि, चौहान के आवेदन पर 19वें राउंड की दोबारा काउंटिंग की गई थी। कांग्रेस प्रत्याशी की 290 वोट से जीत हुई।

उज्जैन कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि मतगणना स्थल का वीडियो सामने आया था। मंगलवार रात सहायक रिटर्निंग अधिकारी नवीन चंद्र कुंभकार ने थाना नानाखेड़ा में विधायक बोस के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने ईवीएम पर उठाए सवाल

## ◆ राहुल बोले- ईवीएम को लेकर जो हालात हैं, उससे यही अच्छा की विपक्ष चुनाव ही न लड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल ने कहा है कि ईवीएम को लेकर जिस तरह से शिकायतें आ रही हैं, और जैसे परिणाम विधानसभा चुनाव में आए हैं उसके बाद तो यही कहा जा सकता है कि विपक्ष को लोकसभा चुनाव नहीं लड़ना चाहिए। देश के सभी विपक्षी दल जब यह मांग कर रहे हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव कराया जाना चाहिए तो केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार यह क्यों नहीं स्वीकार करती है। एक बार बैलेट से चुनाव कराए जाने के बाद अगर रिजल्ट में बदलाव नहीं होता तो एश्ट से चुनाव कराया जा सकता है लेकिन इसके पहले सब की मांगों को नकारना उचित नहीं है।

सिंह ने मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रदेश कांग्रेस की जो स्थिति हुई है उसके लिए प्रदेश नेतृत्व ही नहीं केंद्रीय नेतृत्व को भी विचार करना चाहिए क्योंकि ऐसा सिर्फ मध्य प्रदेश में नहीं हुआ है बल्कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी यह स्थिति है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष सिंह ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के इस्तीफे को लेकर कहा कि यह तो वही बता सकते हैं। मैं जब किसी पद पर नहीं हूं तो किस पद का इस्तीफा दूं।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष सिंह ने कहा कि काउंटिंग के रिजल्ट आने के पहले तक सब यही कह रहे थे कि कांग्रेस की सरकार बन रही है लेकिन रिजल्ट आने के बाद सब लाड़ली बहना और भगवान राम के मंदिर की बात करने लगे हैं। अगर यह सही है तो काउंटिंग के पहले जो हकीकत बताई जा रही थी वह इतना गलत कैसे हो सकती है। उन्होंने कहा कि खुद बीजेपी के नेता यह नहीं मान रहे थे कि डेढ़ सौ सीट बीजेपी जीत पाएगी लेकिन 164 कहां से आ गई, कुछ तो बात है।

### जिला-संभाग स्तर पर होगी हार की समीक्षा

अजय सिंह ने कहा- हार के कारणों की जिला स्तर पर और संभाग स्तर पर समीक्षा करेंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने कल हुई समीक्षा बैठक में जिला स्तर और संभाग स्तर पर हार की वजह तलाशने के लिए समीक्षा करने की बात कही है। इसके अलावा सभी से यह भी पूछा जा रहा है कि आखिर उनके क्षेत्र में उन्हें इतने कम वोट क्यों मिले। इसकी व्यापक समीक्षा प्रदेश कांग्रेस करने जा रही है।

# एमपी से पंजाब में हथियारों की तस्करी

**अमृतसर।** पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने इंटर-स्टेट हथियारों के नेटवर्क को तोड़ने में सफलता हासिल की है। अमृतसर शहरी पुलिस ने गैंगस्टर सिमरनजीत सिंह उर्फ जुझार द्वारा जेल में बैठ चलाए जा रहे इंटरनेशनल हथियारों के तस्करी गिरोह के सदस्य को पकड़ा है। इस दौरान आरोपी से 4 पिस्टल भी रिकवर की गई हैं। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा कि आरोपी को अमृतसर शहर के वल्लाह इलाके से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मानक सिंह उर्फ सन्नी वेल्डिंग, निवासी संत नगर सुल्तानविंड के रूप में हुई है। आरोपी पर अमृतसर शहर के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में हत्या के प्रयास से संबंधित 3 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम ने आरोपी मानिक से 4 .32 बोर पिस्तौल, 4 मैगजीन और 7 जिंदा राउंड भी बरामद किए हैं।

## New Delhi

# थाइलैंड से वाया मणिपुर भारत में पहुंच रहे हैं मादक पदार्थ, छह तस्कर गिरफ्तार, आरोपियों में दो छात्र

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर दो छात्रों सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में एक छात्र नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय का बीबीए का पूर्व छात्र लक्ष्य भाटिया है, जबकि दूसरा दिल्ली स्थित सूरजमल इंस्टीट्यूट से बीबीए कर रहा है। आरोपी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद व गुरुग्राम समेत अन्य जगहों के शैक्षणिक संस्थानों में मादक पदार्थ बेचते थे। ग्राहकों से संपर्क का माध्यम सोशल मीडिया प्लेटफार्म था। देश में मादक पदार्थ थाइलैंड से मंगाकर खेप मणिपुर से उत्तर भारत के राज्यों में पहुंचती थी। अपराध शाखा के आरोपियों के कब्जे से 48 किलोग्राम गांजा, 15 ग्राम एमडीएमए व 1,200 ग्राम जैविक गांजा बरामद किया है।



अपराध शाखा के विशेष पुलिस आयुक्त रविंद्र सिंह यादव के अनुसार, सूचना मिली थी कि दिल्ली के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तस्कर सक्रिय हैं। मोती नगर स्थित डीएलएफ कैपिटल ग्रीन्स के एक घर से नशे का कारोबार चल रहा है। गिरोह मणिपुर और शिलांग से रेल के जरिये गांजा व थाईलैंड से विमान के जरिये जैविक गांजा मंगाता है। इसके बाद टीम ने दबिश देकर मणिपुर निवासी नोंगमैथम जशोबंता सिंह (36) और थियम रबिकांत सिंह (32) को गिरफ्तार कर लिया। दोनों साथी रुद्रांश गुप्ता को गांजा आपूर्ति करते थे।

नोंगमैथम की निशानदेही पर सेक्टर-31, गुरुग्राम निवासी रुद्रांश गुप्ता को भी गिरफ्तार कर लिया गया। रुद्रांश दो वर्षों से तस्करी में संलिप्त है। तीनों आरोपियों से पूछताछ के बाद रामा पार्क, उत्तम नगर, दिल्ली निवासी लक्ष्य भाटिया व सेक्टर-4, द्वारका निवासी गिरिक अग्रवाल और रोशन नगर, थाना रावतपुर, कानपुर निवासी खालिद को गिरफ्तार कर कब्जे से मादक पदार्थ बरामद कर लिए।

## Uttarpradesh

# शादी में मेहमान से टच हो गई जूठी ट्रे, वेटर को पटक-पटककर मार डाला; जंगल में फेंका शव

**लोनी, (एजेंसी) गाजियाबाद में लोनी के गढ़ी कटैया गांव के जंगल में 18 नवंबर को युवक का शव मिलने की घटना का अंकुर विहार पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के मुताबिक युवक मैरिज होम में वेटर का काम करता था। 17 नवंबर को शादी समारोह में जूठी ट्रे लगने पर एक मेहमान, उसके साथियों और मैरिज होम के पार्टनर ने वेटर को पटक-पटक कर मार डाला। कर्मचारियों से शव जंगल में फिंकवा दिया। पुलिस ने पार्टनर और दो कर्मचारियों को पकड़ लिया है।**

एसीपी अंकुर विहार रवि प्रकाश सिंह ने बताया कि 18 नवंबर को गढ़ी कटैया गांव के जंगल में एक युवक का शव मिला था। सूचना पर पहुंची अंकुर विहार थाने की पुलिस ने जांच की तो मृतक की पहचान शंकर विहार डीएलएफ निवासी 26 वर्षीय पंकज पुत्र भगवानदास के रूप में हुई। घर जाने पर मां ने बताया कि पंकज शादी-समारोहों में काम करता था। वह कभी-कभी दो-तीन दिन तक घर नहीं आता था।

## Jammu

# JK के राजौरी में आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, भारी मात्रा में गोला-बारूद समेत 2 आरोपी अरेस्ट

**श्रीनगर, (एजेंसी)** जम्मू-कश्मीर के राजौरी के बुद्धल के बेहरोट इलाके में सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हथियार, गोला-बारूद, आपत्तिजनक सामग्री के साथ ही 2 आरोपियों को आतंकियों के साथ कनेक्शन होने के मामले में अरेस्ट किया गया है. बता दें कि 17 नवंबर को राजौरी के बुद्धल पुलिस स्टेशन क्षेत्र के बेहरोटे गली इलाके में एक मुठभेड़ हुई थी. जिसमें सुरक्षाबलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया था. इस पर तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई थी. जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे और 2 स्थानीय लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया. पूछताछ के दौरान सामने आया कि उनके आतंकियों के साथ कनेक्शन हैं. इसके साथ ही ये खुलास हुआ कि दोनों आतंकवादियों के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

## Bihar

# भवन निर्माण विभाग के कर्मी की घर के गेट पर गोली मारकर हत्या, पत्नी से चल रहा था विवाद

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के पटना जिले में भवन निर्माण विभाग के एक कर्मचारी की उसके घर के दरवाजे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात खगौल थाना इलाके के चरघरवा मोड़ के समीप मंगलवार की रात हुई। मृतक की बहन ने अपनी भाभी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कराया है। बताया जा रहा है कि सरकारी कर्मी का अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान पप्पू के रूप में हुई है। वह खगौल में किराये के मकान में रहता था। वह मूल रूप से हवाईअड्डा थाना इलाके के कौशल्यानगर का रहने वाला था। अपराधियों ने एक-एक कर उसके उपर कई गोलियां बरसाईं, जिससे मौके पर ही उसने दम तोड़ दिया। खगौल थानेदार फूलदेव चौधरी के मुताबिक पप्पू का पत्नी के साथ लंबे समय से विवाद चल रहा था। पुलिस कई पहलुओं पर इस घटना की छानबीन कर रही है।पप्पू की शादी डेढ़ साल पहले नेहा कुमारी के साथ हुई थी। उसकी पत्नी ससुराल मे न रह कर मायके में रहती थी। खगौल थानेदार के मुताबिक पप्पू ने ससुराल में रहने से मना कर दिया तो पत्नी ने उसे नोटिस भिजवा दिया था।

## खेल

# भारत आईसीसी रैंकिंग में तीनों फॉर्मेट में नंबर एक, 18 खिलाड़ी टॉप 10 में, इनमें पांच शीर्ष पर

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारतीय टीम भले ही एक दशक से कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी क्रिकेट पंडितों का मानना है कि डेढ़ महीने तक चले इस टूर्नामेंट में फाइनल को छोड़कर हर मुकाबले में टीम इंडिया चैंपियन की तरह खेली। भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का असर आईसीसी रैंकिंग में भी दिख रहा है। आईसीसी की 12 अलग-अलग रैंकिंग में भारतीय टीम या भारतीय खिलाड़ियों ने आठ रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।**




भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट में आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं, भारत के पांच खिलाड़ी आईसीसी की अलग-अलग रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।

टी20 रैंकिंग- टी20 में भारतीय टीम 16,137 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के पास 11,133 अंक हैं। वहीं, भारत के सूर्यकुमार यादव टी20 में नंबर एक बल्लेबाज हैं और रवि बिश्नोई गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। बल्लेबाजों में ऋतुराज गायकवाड़ भी सातवें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर हैं।


वनडे रैंकिंग- वनडे में भारतीय टीम 6,640 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के पास 4,926 अंक हैं। ऐसे में यहां भी भारत का लंबे समय तक शीर्ष में रहना तय है। खिलाड़ियों की बात करें को बल्लेबाजों में शुभमन गिल शीर्ष पर हैं। विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे स्थान पर हैं। गेंदबाजों में मोहम्मह सिराज तीसरे, जसप्रीत बुमराह चौथे, कुलदीप यादव छठे और मोहम्मद शमी 10वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 10वें स्थान पर हैं।

टेस्ट रैंकिंग- टेस्ट में भी भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। भारत के पास 3,434 अंक हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 3,534 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों की रेटिंग 118 है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तुलना में एक मैच ज्यादा खेला है। इस वजह से यह टीम दूसरे स्थान पर है। अब ऑस्ट्रेलिया के पास पाकिस्तान को हराकर शीर्ष पर आने का मौका रहेगा। वहीं, भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे में अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल होगा। खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर बने हुए हैं। रवींद्र जडेजा तीसरे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले और रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। अक्षर पटेल भी पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। कुल मिलाकर भारत के 18 खिलाड़ी आईसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में बने हुए हैं। इनमें से पांच खिलाड़ी शीर्ष स्थान पर हैं। वहीं, भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट में शीर्ष पर बनी हुई है।

## सिनेमा

# नशे में धुत सनी देओल, मुंबई की सड़कों पर दिखे लड़खड़ाते? एक्टर ने खुद बताया सच

बॉलीवुड के गदर स्टार सनी देओल इस साल टॉप एक्टर्स में से एक रहे हैं. उनकी फिल्म 'गदर 2' ने 2023 की सबसे सफल फिल्म बनी. इस मूवी ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस कर धमाल मचाया है. फिल्म के हिट होने के बाद सनी को कई मौकों पर सेलिब्रेशन करते देखा गया. अब अपने एक वीडियो के चलते एक्टर चर्चा में चल रहे हैं.




सनी देओल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था. इसमें उनको नशे की हालत में मुंबई के जुहू की सड़कों पर लड़खड़ाते हुए देखा जा सकता था. वीडियो के सामने आने के बाद से फैंस के बीच हलचल मच गई थी कि आखिर सनी देओल को क्या हो गया है. कई यूजर्स वायरल वीडियो को देख परेशान हो रहे थे. तो वहीं कुछ ऐसे भी हैं जो एक्टर का मजाक बना रहे थे.

एक यूजर्स ने वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, 'सनी देओल कहां घूम रहे रात को?' वीडियो में आप सनी देओल को नशे में धुत गाड़ियों भरी सड़क पर लड़खड़ाते हुए देख सकते थे. वो रोड को क्रॉस करके एक ऑटो रिक्शा की तरफ जाते हैं. ऑटो रिक्शा का ड्राइवर सनी देओल की मदद करता है और उन्हें अपनी गाड़ी में बैठाकर ले जाता है.

अब सनी देओल ने इस वीडियो के पीछे का सच खुद सामने रख दिया है. सनी ने ट्विटर (अब X) पर एक वीडियो शेयर किया है. इसमें वो उन्होंने पर्दे के पीछे की कहानी दिखाई है. असल में सनी देओल अपनी फिल्म 'सफर' की शूटिंग कर रहे हैं. इस फिल्म का नाम सफर है.

## संपादकीय

# लगाम कसने की तैयारी

मीडिया मंचों को तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ कर प्रस्तुत की गई सामग्री की पहचान करने और उसे रोकने की व्यवस्था लागू करनी चाहिए। यह एक ओर उसके अपने ही उपयोगकर्ताओं का विश्वास बनाए रखने के लिहाज से जरूरी है और साथ ही इससे असामाजिक या आपराधिक तत्वों पर लगाम भी लगाई जा सकेगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि तकनीक ने मनुष्य के जीवन को बेहतर बनाया है, लेकिन चूंकि यह अपने आप में एक निरपेक्ष माध्यम है, इसलिए इसका इस्तेमाल करने में वैसे लोगों को भी कोई अड़चन नहीं आती, जो इसके जरिए किसी को परेशान करते हैं और यहां तक कि आपराधिक हरकत भी करते हैं। हाल के दिनों में 'डीपफेक' तकनीक के जरिए कुछ जानी-मानी हस्तियों की तस्वीर और वीडियो से छेड़छाड़ कर उनकी छवि बिगाड़ने की कोशिशों ने इस चिंता को बढ़ा दिया है कि इसकी सीमा आखिर कहां है! अच्छा यह है कि कुछ मामलों के सुर्खियों में आने के बाद इसकी गंभीरता के मद्देनजर सरकार ने इस मसले पर जरूरी सक्रियता का संकेत दिया है और अब वह डीपफेक पर लगाम लगाने के लिए कदम उठाने जा रही है। गौरतलब है कि सरकार ने मंगलवार को डीपफेक तकनीक और भ्रामक सूचना के मुद्दे से निपटने के लिए उठाए गए कदमों की सोशल मीडिया के मंचों के साथ समीक्षा करते हुए कहा कि अब इस मसले पर सौ फीसद अनुपालन को लेकर परामर्श जारी किया जाएगा। इसके तहत सोशल मीडिया मंचों को नए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा और आनलाइन उपयोगकर्ताओं के विश्वास और सुरक्षा पर ध्यान दिया जाएगा। दरअसल, फर्जीवाड़े के जरिए साइबर अपराधों के साथ-साथ इंटरनेट पर भ्रामक सूचनाओं का संजाल पहले ही एक जटिल समस्या के रूप में आम लोगों से लेकर सरकार तक के लिए मुश्किल पैदा करता रहा है। उसके अपने जोखिम हैं, जिसमें लोगों को गलत तरीके से प्रभावित करने से लेकर सार्वजनिक प्रतिक्रियाओं को मनमर्जी से संचालित करने की आशंका जुड़ी है। इससे निपटने के लिए कुछ कदम उठाए गए, मगर उसका कोई ठोस हासिल नहीं दिख रहा था। इसके समांतर पिछले कुछ समय में डीपफेक तकनीक ने जैसे खतरे खड़े किए हैं, उसने सभी स्तर पर एक नई चिंता खड़ी की है। जिस तरह तथ्यों में हेरफेर करके या फिर झूठे ब्योरे परोस कर भ्रामक सूचनाओं के जरिए लोगों को एक अंधेरे में झोंका जाता रहा है। उसी तरह कृत्रिम बुद्धिमत्ता या आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से मीडिया सामग्री, तस्वीर या वीडियो में छेड़छाड़ या डिजिटल हेराफेरी करके किसी व्यक्ति को गलत ढंग से पेश किया जाता है। सिर्फ इतने से ही इसके खतरे का अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोई व्यक्ति वीडियो में कुछ करता दिखता है, मगर वास्तव में वह उसमें नहीं होता है।

### अर्ज़ किया है..!

*रखना है कहीं पाँव तो*
*रक्खो हो कहीं पाँव*
*चलना ज़रा आया है तो*
*इतराए चलो हो*

-कलीम आजिज़

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**न तेरे देने में कमी**
**न तेरी रहमत में कमी**
**बात बस इतनी है कि**
**वो तेरे दर तक आ नहीं पाता**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# उत्पन्ना एकादशी पर बना यह खास योग, कर लें ये उपाय, होगा भाग्योदय, मिलेगा धन



उत्पन्ना एकादशी मार्गशीर्ष महीने की एकादशी को कहते हैं और यह एकादशी 8 दिसंबर, शुक्रवार को है। भगवान विष्णु के चार मास की निद्रा से जागने के बाद यह पहली एकादशी है। इससे पहले देवउठान एकादशी पर भगवान विष्णु चातुर्मास की निद्रा से जागे थे और सृष्टि के संचालन का काम अपने हाथ में लिया था। मार्गशीर्ष के कृष्ण पक्ष की एकादशी को उत्पन्ना एकादशी कहा जाता है। उत्पन्ना एकादशी इस बार शुक्रवार के शुभ संयोग में पड़ रही है। एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित होती है और शुक्रवार का दिन मां लक्ष्मी के लिए निर्धारित है। इस तरह एकादशी के साथ शुक्रवार का संयोग धन लाभ के योग निर्मित कर रहा है। इस दिन धन वृद्धि के कुछ विशेष उपाय करने से आपके धन में वद्धि होगी और मां लक्ष्मी आपसे प्रसन्न होंगी। आइए देखते हैं क्या हैं ये खास उपाय।

### ◆ उत्पन्ना एकादशी पर ऐसे करें अभिषेक

उत्पन्ना एकादशी पर भगवान विष्णु का पंचामृत से अभिषेक करें और तुलसी का पत्ता डालकर दूध और केसर से बनी खीर का भोग लगाएं। ऐसा करने से आपके धन के रास्ते में आ रही रुकावटें दूर होंगी और आपकी कमाई में वृद्धि होगी। आपके अंदर कार्यकुशलता बढ़ेगी और ऑफिस में आपको सराहना मिलेगी।

### ◆ उत्पन्ना एकादशी पर तुलसी का उपाय

उत्पन्ना एकादशी पर सुबह और शाम के वक्त तुलसी के पेड़ पर घी का दीपक जलाएं और लक्ष्मी चालीसा का पाठ करें। इस दिन भगवान विष्णु को तुलसी के 11 पत्तों का भोग लगाएं और साथ ही ऊं नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करें। ऐसा करने से आपकी दरिद्रता दूर होती है और भगवान विष्णु के साथ ही मां लक्ष्मी का आशीर्वाद प्राप्त होता है।

### ◆ उत्पन्ना एकादशी पर 9 मुखी दीपक जलाएं

उत्पन्ना एकादशी पर भगवान विष्णु के सम्मुख 9 मुखी घी का दीपक जलाएं। ऐसा करने से आपके करियर में आ रही सभी समस्याएं दूर होती हैं और आपको मां लक्ष्मी का आशीर्वाद मिलने से हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती है। दीपक में रुई के स्थान पर कलावे की बाती का प्रयोग करें तो यह उपाय और भी ज्यादा असरदार होता है।

### ◆ उत्पन्ना एकादशी पर दक्षिणावर्ती शंख का उपाय

उत्पन्ना एकादशी पर घर के पूजा स्थान में दक्षिणावर्ती शंख की स्थापना करने से आपके घर सुख समृद्धि और धन वैभव बढ़ता है। आपके घर में मां लक्ष्मी का वास होता है और उनकी कृपा आपके पूरे परिवार पर बनी रहती है। इस दिन दक्षिणावर्ती शंख को पीतल के पात्र में रखकर दूध से अभिषेक करें और फिर इसे स्वच्छ जल से साफ करके घर के मंदिर में उत्तर दिशा में रखें। मां लक्ष्मी आपके घर की तरफ आकर्षित होंगी।

### ◆ उत्पन्ना एकादशी पर करें इन वस्तुओं का दान

उत्पन्ना एकादशी पर भगवान विष्णु का आशीर्वाद पाने के लिए जरूरतमंद लोगों को वस्त्र और कंबल दान करें और साथ ही उन्हें की चीजें जैसे फल, गुड़, मूंगफली और चिक्की का दान करें। ऐसा करने से आपको विशेष पुण्य की प्राप्ति होगी और श्रीहरि का आशीर्वाद भी प्राप्त होगा।

## Highlights

- **SC advocate Dushyant Dave writes to CJI over listing of cases**
- **PM Modi would always touch my father's feet: Ex-President Pranab Mukherjee's daughter**
- **IAF helicopters drop food for people stranded in Chennai amid heavy rains**
- **She is a 'chalu girl', 'hot girl': Pune college principal in WhatsApp group**
- **Passengers create ruckus at B'luru airport after SpiceJet flight delayed by 12 hours**
- **K'taka Dalit BJP MLA alleges caste bias by RSS; Sangh refutes**

# Maruti Suzuki's electric SUV, eVX, to be made in Gujarat factory

**AHMEDABAD, (Agency).** India's leading car maker Maruti Suzuki will manufacture its first all-electric car, a sports utility vehicle (SUV) called 'eVX' from its Hansalpur factory in Gujarat in 2024-2025, a senior company official said on the Japanese automaker Suzuki Motor Corporation's first vehicle in this segment.




Suzuki Motor Gujarat Private Ltd (SMG), the entity operating the car manufacturing plant in Hansalpur, is a fully-owned subsidiary of Maruti Suzuki. It began its operations in February 2017.

"Our first electric vehicle (EV) SUV will be produced from SMG's factory in Hansalpur in 2024-25. Currently, the facility has three plants and to manufacture the EV, a new plant or new production line will be integrated into the existing setup," said Rahul Bharti, executive director (corporate affairs) at Maruti Suzuki, during a press briefing in Ahmedabad.

The eVX will come with a 60kWh battery pack promising a range of about 560 km on a full charge, he added.

In March 2022, SMG signed an MoU with the Gujarat government to invest ₹3,100 crore in the Hansalpur plant for EV manufacturing, Bharti said.

The world premiere of Suzuki's EV concept model eVX was made at the Maruti Suzuki Pavilion at Auto Expo 2023 in Delhi in January.

SMG surpassed the milestone of making 3 million cars at the plant on December 4, said Bharti.

"SMG commenced operations in February 2017 and within around 6 years and 11 months it has achieved the 3 million cumulative production mark. Notably, the last one million units were manufactured in just about 17 months," he said.

This Gujarat facility of Maruti Suzuki has an annual production capacity of 750,000 lakh units. Vehicles manufactured here are sold in both domestic as well as export markets, he added.

He said that 50% of all cars exported by Maruti Suzuki have been manufactured at their facility in Hansalpur.

# Apple founder Steve Wozniak to be 'Serb living in US' with Serbian passport

**NEW DELHI, (Agency)** Apple co-founder Steve Wozniak will become a "Serb living in America" after the Serbian President announced he would get the country's passport.

Wozniak, who founded Apple in 1976 with Steve Jobs, is in Serbia ahead of the December 17 elections, in a boost for President Aleksandar Vucic.

Stay tuned with breaking



news on HT Channel on Facebook. Join Now

The Apple founder said he felt so lucky to be in Serbia. He said he and his wife Janet will promote Serbia from now on. She is also getting a passport.

He said he will become a Serb living in the US.

Vucic said at a press conference that it was an honour for him to deliver the Serbian passports to Steve Wozniak and Janet. He said now he could proudly say that the Apple founder is a Serb.

Steve Wozniak's visit was slammed by the opposition which said his visit was a PR stunt.

The government, however, said no one paid him to come to Serbia.

Wozniak said he was invited to visit by former top Serbian tennis player Janko Tipsarevic, a prominent member of Vucic's Serbian Progressive Party.

Wozniak had left Apple in 1985. However, he is a technology evangelist and a supporter of the company.

# परिजनों को मिला बचा हुआ भुगतान-महापौर

◆ मामला ठेकेदार अमरजीतसिंह भाटिया की मौत का

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। निगम के बड़े ठेकेदारों में शुमार अमरजीत सिंह भाटिया की मौत पर निगमायुक्त हर्षिकासिंह और महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने दुख जताया। बुधवार को मृतक भाटिया के रेसकोर्स रोड स्थित घर पर महापौर पहुंचे। महापौर ने गमगीन परिवार को ढांढस बांधते हुए आश्वास्त किया कि उनका बचाया भुगतान शीघ्र ही नियमानुसार कर दिया जाएगा। वहीं, आत्महत्या के लिए निगम का जो भी अधिकारी दोषी होगा, उस पर बिना भेदभाव के कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने परिजनों से मृतक के तनाव के बारे में पूछा। परिजनों ने किसी प्रकार के तनाव की बात नहीं की। उधर, मामले में तुकोगंज पुलिस ने भाटिया की आत्महत्या के मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आयुक्त मकरंद देउस्कर ने बताया कि पूरे मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। परिजनों ने अभी कोई ठोस बयान नहीं दिए हैं। कुछ दिन बाद दोबारा बयान लेंगे, इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। आरोप है भाटिया पर निगम का 8-9 करोड़ रुपए भुगतान का शेष था। निगम से पैसे नहीं मिलने के कारण उन्होंने एसिड पीकर आत्महत्या कर ली।

### यह बात भी सामने आई

निगम के सूत्रों ने बताया कि पूर्व सिटी इंजीनियर अशोक राठौर से तीन-चार दिन पहले उनके घर पर मुलाकात हुई थी। मृतक के सारे विकास कार्यों की फाइलें राठौर ही आगे बढ़ाते थे। इंजीनियर से मिलने के बाद से भाटिया तनाव में थे। संभव है निगम और पुलिस की जांच में इंजीनियर की भूमिका सामने आ सकती है।

## डुप्लीकेट बाम बेचने वाला आरोपी धराया

### आरोपी के कब्जे से 4 कार्टून में 1020 पीस लूना ए.पी. स्पेशल डुप्लीकेट बाम बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में अपराध पर नियंत्रण हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा नकली वस्तुए बनाकर बेचने वाले आरोपियों की धरपकड़ लगातार की जा रही है। इसी अनुक्रम मे क्राईम ब्रांच इन्दौर की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति डुप्लीकेट बाम बेच रहा है। सूचना पर क्राइम ब्रांच व थाना संयोगितागंज द्वारा संयुक्त कारवाही कर आरोपी को घेराबंदी कर पकडा व नाम पता पूछने पर नाम अशोक वर्मा नि. अनुदेशक नगर सुखलिया इंदौर का होना बताया। जिस पर थाना संयोगितागंज में अपराध धारा 420 भादवि. व 63,65 कॉपीराइट अधि. संशोधित 1957 के तहत कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से 4 कार्टून (1020 पीस) नकली बाम बरामदगी सहित अन्य अग्रिम वैधानिक कार्यवाही व विवेचना थाना संयोगितागंज पुलिस के द्वारा की जा रही है।

## लूट की नीयत से घुम रहे रीवा के बदमाश धराए

### पिस्टल, कारतूस और चाकू बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। राहगीर को लूटने की नीयत से घुम रहे दो बदमाशों को लसूडिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों बदमाश रीवा के रहने वाले हैं। पुलिस को सूचना मिली की स्कीम नंबर 78 के हनुमान मंदिर के पीछे दो युवक घातक हथियार लेकर खड़े हैं। सूचना पर यहां से आरोपी अभिषेक पिता मुकेश मिश्रा और उसका साथी आदर्श पिता अनिल सोनी दोनों निवासी गुलाब बाग रीवा को पकड़ा। उनके पास से पिस्टल, जिंदा कारतूस और चाकू मिला है। बदमाशों ने पूछताछ में बताया कि वे कई बार इंदौर आ चुके हैं। यहां कुछ लोगों को हथियार भी बेच चुके हैं। पुलिस को शक नहीं हो, इसलिए अलग-अलग दोस्तों के यहां रात बिताते थे। युवकों पर रीवा के कई थानों में मारपीट, लूट आदि के केस दर्ज हैं। पुलिस आरोपियों से हथियार देने वाले के बारे में पूछताछ कर रही है।

## सिटी बस पर पथराव, ड्रायवर से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विवाद के चलते बदमाश ने सिटी बस रोकी और उसके चालक के साथ जमकर मारपीट की। बीच बचाव करने आए कंडक्टर से भी अभद्रता की गई। मामला एरोड्रम थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने सिटी बस चालक मनोज पिता घनश्याम कौशल निवासी बाबूलाल नगर पालदा की शिकायत पर अज्ञात युवकों के खिलाफ मारपीट कर धमकाने और बस पर पथराव करने के मामले में केस दर्ज किया है। मनोज ने बताया कि बागड़दा रोड़ लक्ष्मीबाई अनाज मंडी के सामने युवक ने बस रोकी। इस दौरान सवारी समझकर फरियादी ने बस को साइड में लगा दिया। युवक और उसके साथी बस में चढ़े और चालक को गालियां देने लगे। जब चालक ने गाली देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की। एक बदमाश ने बस के आगे का कांच फोड़ दिया। बता दें, घटना के दौरान बस खाली थी। चालक बसों को मेंटेनेंस के लिए लेकर जा रहा था।

## मेकअप आर्टिस्ट को ब्लैकमेलर ने धमकाया, हजारों रुपए वसूल लिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक मेकअप आर्टिस्ट से ठगी का मामला सामने आया है। वसूली के लिए पाकिस्तान के नंबरों से कॉल की गई। क्राइम ब्रांच पहुंचकर सिंधी कॉलोनी की एक मेकअप आर्टिस्ट ने बताया कि उसने कुछ दिन पहले एक डिलीवरी बॉय को पार्सल देने के लिए ओटीपी बताया था। उसके बाद उसे अनजान नंबरों से कॉल आने लगे। आरोपियों ने बताया कि तुमने लोन लिया है, उसकी वसूली करना है। जब मैंने कहा कि कोई लोन नहीं लिया। उसके बाद मेरे फोटो एडिट करके आपत्तिजनक बनाए और मुझे, रिश्तेदारों और परिचितों को भेज दिए। इससे डरकर मैं उन्हें हजारों रुपए दे चुकी हूं। क्राइम ब्रांच इसकी जांच कर रही है।

## चाय बनाते समय गैस सिलेंडर में ब्लास्ट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। खजराना क्षेत्र के एक घर में गुरुवार सुबह सिलेंडर ब्लास्ट के साथ फट गया। इस हादसे में एक युवती बुरी तरह घायल हो गई। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि युवती सुबह की चाय बना रही थी तभी यह हादसा हुआ। ब्लास्ट की आवाज सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे तो युवती घायल अवस्था में पड़ी थी।

खजराना पुलिस के मुताबिक घटना सांई कृपा कॉलोनी की है। यहां रहने वाली साक्षी (24) को उपचार के लिये रहवासियों ने एंबुलेंस से निजी अस्पताल भेजा। बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश की रहने वाली साक्षी यहां निजी कंपनी में जॉब करती है। वह खजराना इलाके में किराये से रहती है।

गुरुवार सुबह नींद से जागने के बाद वह चाय बनाने किचन में पहुंची। उसने जैसे ही गैस चालू किया तभी अचानक जोरदार धमाका हुआ। हादसा इतना जोर से हुआ कि वह कमरे के दरवाजों को तोडक़र फेंका गया। इससे पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त हो गया। लोग आवाज सुनकर साक्षी की कमरे की तरफ पहुंचे। तो वह घायल पड़ी थी। पुलिस के मुताबिक मौके पर एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।

## दंपति को ट्रक ने मारी टक्कर, पति की मौत

इंदौर। पास खुडैल इलाके में बुधवार को एक सडक हादसे में पति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर घायल हुई है। बताया जाता है कि सडक किनारे सब्जी बेचने के दौरान दोनो को एक ट्रक ने टक्कर मारी। पुलिस के मुताबिक घटना दुधिया ग्राम की है। यहां सडक के किनारे घनश्याम पुत्र भगवान पाटीदार निवासी मां भगवती विहार कॉलोनी बिहाडिया अपनी पत्नी मीना के साथ सब्जी बेच रहा था। बुधवार शाम तेज रफ्तार एक ट्रक ने दोनो को चपेट में ले लिया। इस हादसे में गंभीर घायल घनश्याम की मौत हो गई। जबकि मीना का अन्य अस्पताल में उपचार चल रहा है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक